हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

9 गांव कमाना में 10 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर दवा



10 तीन गांवों के 79 लाभार्थियों को आवंटित किए प्लॉट



## खबर संक्षेप

### शहर में आज बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**फतेहाबाद।** हुडा सैक्टर स्थित 33 केवी सब स्टेशन में मेंटेनेस कार्य के चलते 15 अक्टूबर को शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के जेई हरजीत सिंह ने बताया कि मेंटेंनेस कार्य के चलते शहर के खेमा खाती रोड, लाजपत नगर, अशोक नगर, डीएसपी रोड, ऑटो मार्किट एरिया, हुडा सैक्टर 3, हिसार रोड, अल्फा सिटी, सोमा सिटी, ग्रीन गोल्ड व विकास टाऊन एरिया में बिजली सप्लाई प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

### डोडा पोस्त सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा विरोधी विशेष अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को कचरा डोडा पोस्त सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि एएसआई गुरप्रीत सिंह पुलिस चौकी हांसपुर टीम सहित गांव नकटा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति को पुलिस देखकर भागने की कोशिश करते हुए रोक लिया गया।

### पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने मकान में घुसकर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि रामधन पुत्र राजकुमार निवासी गांव खारिया ने थाना रानिंया में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर से अज्ञात चोर 2 लाख की नकदी चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि घटना के समय वह अपने दादा को दवा दिलवाने गांव गए हुए थे और घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था।

### एसडीएम ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

**टोहाना।** उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने मंगलवार को जाखल अनाज मंडी और धारसूल खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की तैयारियों और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। एसडीएम ने मंडी और खरीद केंद्र में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में किसानों की सुविधा सर्वोपरि रहनी चाहिए।

### ग्रीन पटाखा बिक्री लाइसेंस के लिए ड्रॉ आज

**सिरसा।** एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि दीपावली, गुरुपर्व, क्रिसमस डे एवं नववर्ष के अवसर पर केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इसके लिए 14 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए, आगामी 15 अक्टूबर को दोपहर ढाई बजे स्थानीय पंचायत भवन सिरसा में ड्रॉ निकाला जाएगा।

### मारपीट मामले मे तीसरा आरोपी दबोचा

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में तीसरे आरोपी गांव सुखचैन निवासी बुटा सिंह को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया बीती 29 सितंबर को शिकायतकर्ता मोहम्मद फैज ने बताया कि एक कार्यक्रम के दौरान तालियां व सीटियां बजाने को लेकर कुछ छात्रों ने उनसे धर्म विशेष पर टिप्पणी करते हुए गाली-गलौज और मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई। जिला मेवता निवासी मोहम्मद के बयान पर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले दो आरोपियों सुनील कुमार व प्रिंस को गिरफ्तार किया था।

## वीएलसी ने की पुष्टि, जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 141 तक पहुंचा

बीते वर्ष सीएम ने फतेहाबाद को किया था सम्मानित

# पराली जलाने का काम शुरू, एक किसान पर एफआईआर दर्ज, हरसेक से मिली थी रिपोर्ट

### फतेहाबाद में 31 गांव येलो और 219 गांवों को ग्रीन जोन में रखा, रेड जोन में अभी जिले का कोई गांव नहीं

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

जिले में धान की कटाई का काम पूरा होने के बाद पराली के जलने-जलाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। हालांकि प्रदेश सरकार व कृषि विभाग के प्रयासों के चलते इस बार आगजनी की घटनाएं काफी कम सामने आ रही है। मंगलवार तक जिले में हरसेक ने कृषि विभाग को फसल अवशेष जलाने की मात्र एक ही लोकेशन भेजी है । कृषि विभाग ने टोहाना निवासी किसान के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर उसका चालान इश्यू कर दिया है। इतना ही नहीं, विभाग ने आरोपी किसान का नाम रेड एन्ट्री में डाल दिया है। अब यह किसान दो साल तक मेरा फसल-मेरा ब्यौरा के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल नहीं बेच पाएगा। दरअसल हरसेक सेटेलाइट से पराली जलाने के फोटो ले रही है। धान की कटाई जैसे ही बढ़ती है, किसान उसमें आग लगा देते हैं। यही कारण है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार को 141 तक आ पहुंचा। फतेहाबाद में कुल 3 लाख 61 हजार एकड़ भूमि में धान की रोपाई हुई थी। इसमें से केवल 90 हजार एकड़ में ही कटाई हुई है। कृषि विभाग के पास अभी पराली जलाने की मात्र एक लोकेशन मिली है। हरसेक की रिपोर्ट के बाद विभाग की विलेज लेवल कमेटी ने मौके पर जाकर लोकेशन को सही पाया और सम्बंधित किसान के विरूद्ध चालान इश्यु करके 5 हजार का नोटिस भेजा है। दरअसल, हरियाणा रिमोट सेंसटिव एप्लीकेशन सैंटर (हरसेक) प्रतिवर्ष ही आगजनी की घटनाओं को सेटेलाइट से फोटो लेकर किला, खसरा नंबर तक कृषि विभाग को भेजता है।



**फतेहाबाद।** पराली में आग के बाद उठता जहरीला धुंआ। (फाइल फोटो)

### वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 141 पहुंचा

जिलेभर में एक तरफ पराली जलाने और दीपावली नजदीक आने के बाद पटाखे फोडने का सिलसिला शुरू होने से फतेहाबाद की आबोहवा दमघोटू होती जा रही है। मंगलवार को फतेहाबाद का एक्यूआई बढक़र 141 के स्तर पर पहुंच गया। धान कटाई से पहले यह 100 से नीचे चल रहा था। यानि कि एक्यूआई थोड़ा-सा ओर बढ़ते ही खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा। पिछले सीजन में भी फतेहाबाद का एक्यूआई 350 को पार कर गया था। बता दें कि अगर एक्यूआई 0 से 50 के बीच रहे तो इसे अच्छा माना जाता है। अगर ये 51 से 100 हो जाए तो भी इसे संतोषजनक माना जाता है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 101 से 200 के बीच हो तो इसे सामान्य लेकिन हानिकारक होने की श्रेणी में रखा गया है। 201 से 300 के बीच खराब तथा 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच काफी गंभीर माना जाता है।

### इस प्रकार होता है जोन का बटवारा

पराली जलाने को लेकर रेड जोन उन गांवों को माना जाता है, जहां पराली जलाने की घटनाएं सबसे ज़्यादा होती हैं। इस मानक को हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा पिछले साल के आंकड़ों के आधार पर तय किया जाता है। जिन गांवों में 6 या उससे अधिक जगहों पर पराली जलाई गई, उन्हें रेड जोन में रखा जाता है, और जिन गांवों में 2 से 5 स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई, उन्हें येलो जोन में र्गीकृत किया जाता है। इस समय फतेहाबाद में 31 गांव येलो जोन में है व 219 गांवों को ग्रीन जोन में रखा गया है। रेड जोन में अभी जिले का कोई गांव नहीं है। आगजनी की 0 से 5 घटनाएं आने पर गांव को येलो जोन में रखा जाता है।

### पिछले साल पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

पिछले कई सालों से धान की पराली जलाने के मामले में फतेहाबाद जिला प्रदेशभर में सुर्खियों में रहा है। वर्ष 2023 में कृषि विभाग के पास करीब 579 ऐसे मामले आए थे। इस समय फतेहाबाद प्रदेश में पराली जलाने के मामले में अव्वल रहा था लेकिन कृषि विभाग के गंभीर प्रयासों के चलते 2024 में मामलों में खासी कमी आई। 2024 में धान की पराली जलाने की घटनाएं कम होकर केवल 130 रह गई। इसमें विभाग ने 56 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। 2 लाख 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया व 61 किसानों के नाम रेड एन्ट्री में दर्ज कर दिए। पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी के चलते जिला प्रशासन व कृषि विभाग को मुख्यमंत्री ने अवार्ड देकर सम्मानित भी किया था।

### पराली जलाने पर रेड एन्ट्री में डाल दिया जाएगा नाम

धान की पराली में किसान आग लगाता है तो उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर चालान भी किया जाएगा। आरोपी किसान का नाम रेड एन्ट्री में डाल दिया जाएगा। इसके बाद वह किसान दो साल तक मेरा फसल-मेरा ब्यौरा के आधार पर सरकार को एमएसपी पर फसल नहीं बेच सकता। इस समय जिले के गांव-गांव में पराली न जलाने पर विभाग की जागरूकता वैन प्रचार कर रही हैं। किसानों को पर्यावरण हित में पराली न जलाकर इसकी गांठें बनानी चाहिए।

-राजपाल, तकनीकी सहायक कृषि विभाग, फतेहाबाद

# फर्जी एनडीसी बनवाकर लाखों रुपये हड़पने के मामले में नगर परिषद का क्लर्क गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- अब तक इस मामले में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

सदर थाना पुलिस ने भूमि रजिस्ट्री में धोखाधड़ी और फर्जी एनडीसी बनवाने के मामले में एक और आरोपी क्लर्क मुनीष कुमार पुत्र देवी सिंह निवासी चतरगढ़पट्टी सिरसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब तक इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सदर थाना प्रभारी सुखदेव ने बताया कि उदयपाल सिहाग पुत्र दयानंद निवासी गांव सुचान की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी विद्या देवी की जमीन जो गांव कंगनपुर में स्थित है, को आरोपियों ने धोखाधड़ी और जालसाजी करके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम रजिस्ट्री करवा ली। आरोपी देवेंद्र कुमार उर्फ विक्की ने नगर परिषद सिरसा से मिलीभगत कर गलत एनडीसी बनवाई और एक अन्य व्यक्ति की फर्द में शिकायतकर्ता की पत्नी का नाम संपादन करके डलवाया। बाद में आरोपियों ने उक्त फर्जी एनडीसी और दस्तावेजों के आधार पर भूमि की रजिस्ट्री करवा ली और लाखों रुपए का धोखाधड़ी से लेनदेन किया।



**सिरसा।** फर्जी एनडीसी तैयार करने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### नगर परिषद में पसरा सन्नाटा

बताया जाता है कि नगरपरिषद में खेले जा रहे इस खेल में नप में ही कार्य करने वाले माली और सेवादारों की भी आईडी बनाई हुई थी जिसका उपयोग ऑनलाइन आवेदनों को एप्रूव्ड करने में किया जाता था। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेशभर में आमजनों के लिए अपने भवन को स्वयं सत्यापित करने की मुहिम चलाई गई थी और इसी मुहिम के तहत सिरसा शहर में खाली पड़ी संपत्तियों पर संपत्ति मालिकों का नाम दर्ज किया जाना था। ऐसे में इस कार्य में तेजी लाने के लिए नगरपरिषद में कार्यरत माली व सेवादारों की भी आईडी अवैध तौर पर बना दी गई जबकि शासन के आदेशों में ऐसा कहीं भी उल्लेख नहीं है कि माली व सेवादारों की आईडी बनाई जाए। केवल लिपिक के पास ही चैकर व मेकर की आईडी बनाने की जिम्मेदारी थी। पुलिस की कार्रवाई के बाद नगरपरिषद सिरसा में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है। आलम ये है कि कई कर्मचारी तो अवकाश पर चले गए हैं।

### ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के बहाने हजारों की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के बहाने हजारों की ठगी करने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान हनुमान पुत्र राजिंदर सिंह निवासी चूली कलां, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, देवेंद्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव झलनिया, जिला फतेहाबाद की मोबाइल की दुकान पर एक अज्ञात युवक आया था जिसने 3 हजार ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कराने के बहाने ठगी की। युवक ने दुकानदार से नकद रुपये लेकर अपने बैंक खाते में 3 हजार जमा करवाए और बहाने से बाहर निकलकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

### दो तस्कर 13 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो चूरापोस्त तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान डिंग के सर्विस रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सडक़ किनारे एक कार संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर कार चालक ने कार को मोड़ कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने शक के आधार पर कार को रूकवा लिया और तलाशी ली तो 9 किलो 90 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सुनील के रूप में हुई है।



**सिरसा।** पकड़ा गया चूरापोस्त तस्कर।

#### दूसरा मामला

उधर, सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल सवार युवक बब्बू सिंह निवासी फरीदकोट पंजाब को चार किलो चूरापोस्त सहित काबू किया है। राजपाल ने बताया कि एएसआई बलवान सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस ने शक के आधार पर युवक को रोक लिया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से चार किलो चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ डबवाली सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पॉलिसी मैच्योरिटी के नाम पर 29 लाख की ठगी, दिल्ली से आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पॉलिसी मैच्योरिटी के नाम पर लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने दिल्ली से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज वर्मा पुत्र धन प्रकाश निवासी ओम विहार फेज-3, उत्तम नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि यह कार्रवाई शिकायतकर्ता सतीश कुमार निवासी जाण्डली खुर्द, फतेहाबाद की शिकायत पर की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने वर्ष 2018 में एचडीएफसी बैंक से एक जीवन बीमा पॉलिसी ली थी। कुछ समय बाद पॉलिसी की किस्तें न भरने पर उसे लगातार कॉल आने लगीं।



**फतेहाबाद।** ऑनलाइन ठगी मामले में गिरफ्तार युवक।

### आरोपी से पुछताछ जारी

18 जुलाई 2023 को उसे एक कॉल आई जिसमें कहा गया कि उसकी पॉलिसी से जुड़े 47 लाख रुपये अटके हुए हैं, जिन्हें निकालने के लिए 25,500 फाइल चार्ज देना होगा। इस तरह शिकायतकर्ता से करीब 29 लाख रुपये ठगी कर लिए गए। शिकायत पर थाना साइबर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान साइबर टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पंकज वर्मा को दिल्ली से काबू कर लिया है। पुलिस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### आरोपी पर पहले से कई मामले दर्ज

## भाजपा नेता को धमकी देने के मामले में दूसरा आरोपी काबू, बंदूक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा नेता भवानी सिंह को सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालकर धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सुरेश कुमार पुत्र खेमा राम निवासी ढाणी मीनिया खान, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस को शिकायत मिली थी कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक और भाजपा नेता भवानी सिंह को फेसबुक पर जॉली सुल्तान नामक व्यक्ति ने हथियार दिखाकर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी थी।

### हथियार के साथ डाली पोस्ट

उक्त आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिस पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी ने अपनी पोस्ट में हथियार के साथ तस्वीरें डालकर खुलेआम कानून व्यवस्था को चुनौती दी थी। इस संबंध में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने 16 सितम्बर को केस दर्ज किया गया था। इसी प्रकरण में पुलिस ने एक अन्य आरोपी सुरेश कुमार पुत्र खेमा राम निवासी ढाणी मीनिया खान, फतेहाबाद को काबू किया है। आरोपी से एक 12 बोर बंदूक बरामद हुई है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई अमल में लाई है।

## हत्या कर फेंका शव, आरोपी गिरफ्तार

### नागपुर में युवक का शव मिलने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।

गिरफ्तार युवक की पहचान बलबीर सिंह निवासी नागपुर के रूप में हुई

गांव नागपुर में बंद पड़े ईंट भट्ठे के समीप एक युवक की शव मिलने के मामले में खुलासा हुआ है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फैंका गया था। इस मामले में सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बलबीर सिंह पुत्र सहीराम निवासी नागपुर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात कबूली है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की वारदात को स्वीकार किया है। फिलहाल, आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है, और पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि क्या इस वारदात में अन्य लोग भी शामिल थे।

### यह है मामला

थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला नागपुर निवासी जगसीर सिंह पुत्र मेला राम की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, जगसीर सिंह का पुत्र दीपक उर्फ दीपु, जो कि मेहनत-मजदूरी करता था, 11 अक्टूबर को दोपहर करीब 3:30 बजे घर से काम पर जाने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। अगले दिन परिजनों को सूचना मिली कि दीपक का शव हांसपुर रोड स्थित एक ईंट भ के पीछे सुनसान इलाके में पड़ा है। शव की पहचान परिजनों द्वारा की गई। मृतक के पिता जगसीर सिंह ने आशंका जताई कि अज्ञात लोगों ने हत्या कर शव को वहां फेंका है।



**फतेहाबाद।** हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी।

## यातायात पुलिस ने 18 स्कूलों की 75 बसों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

डबवाली के एसडीएम द्वारा गठित कमेटी ने मंगलवार को स्कूल बसों की चेकिंग की, जिसमें आरटीओ सिरसा, टीएम रोडवेज डबवाली डिपो, बीईओ डबवाली व यातायात पुलिस डबवाली को शामिल किया गया है। मंगलवार को 18 स्कूलों की 75 बसों जांच की गई और बस चालकों को आवश्यक हिदायत दी गई। यातायात थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी उपरोक्त विभाग के अधिकारियों के साथ गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम सिरसा रोड डबवाली में स्कूल बसों की जांच का अभियान चलाया गया। जिसके तहत स्कूली बसों में चालकों की वर्दी, हेल्पर व आग बुझाने वाले सिलेंडर ,बीमा, सीट बेल्ट, फिटनेस प्रमाण पत्र व प्राथमिक सहायता बॉक्स अपने साथ रखने की हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों की जांच के लिए चलाया गया अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्कूल बस संचालकों को चेतावनी दी कि हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशानुसार बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस, चालक का फिटनेस प्रमाण पत्र के साथ प्राथमिक सहायता बॉक्स की दुरुस्त व्यवस्था सहित स्कूली बसों के नियमों को पूरा नहीं किया गया तो चालान काटे जाएंगे।

**अभियान** महिलाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिए अहम योजना की शुरुआत

# नारी ई-रिक्शा स्वावलंबन योजना से महिआएं होंगी आत्मनिर्भर

योजना के तहत महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से 'नारी ई-रिक्शा स्वावलंबन योजना' एक नई पहल शुरू की है। इस योजना के तहत, हरियाणा मूल की लड़कियों/महिलाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम/ई-रिक्शा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि यह योजना महिलाओं को परिवहन क्षेत्र में सशक्त बनाकर सडक़ सुरक्षा बढ़ाने और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस योजना का उद्देश्य हल्के वाहन ड्राइविंग कौशल के क्षेत्र में लड़कियों/महिलाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें परिवहन के क्षेत्र में आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है। योजना से एलएमवी/टीएसआर ड्राइविंग कौशल के क्षेत्र में लड़कियों/महिलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। महिलाएं परिवहन के क्षेत्र में आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनेंगी। इसके लिए हल्के मोटर वाहन/ई-रिक्शा प्रशिक्षण के लिए एक व्यापक चालक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षु को सीएमवी नियम 1989 में निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जिला प्रबंधक प्रशिक्षुओं को ई-रिक्शा खरीदने के लिए विभिन्न बैंकों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### योग्य उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा

इस प्रकार रहेगी योजना की पात्रता योजना के तहत हरियाणा की स्थायी निवासी आठवीं पास महिलाएं जिनकी आयु 18-45 वर्ष हो, वे योजना के तहत पात्र होंगी। बीपीएल परिवार के लिए 1.80 लाख रुपए, अन्य श्रेणियों के लिए 3.00 लाख रुपए प्रति वर्ष तक, विधवाओं/तलाकशुदा के लिए कोई आय सीमा नहीं है। योजना के तहत 400 बीपीएल, 100 विधवा/तलाकशुदा और 500 अन्य श्रेणी की महिलाओं-लड़कियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीपीएल लड़कियों/महिलाओं और विधवाओं को ई-रिक्शा की खरीद की कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान तथा उन लड़कियों/महिलाओं के लिए ई-रिक्शा की कुल लागत का 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा, जिनकी पारिवारिक आय 3.00 लाख रुपए प्रति वर्ष तक होगी। इसके अलावा परिवार के एक से अधिक सदस्य सब्सिडी का लाभ पाने के हकदार नहीं होंगे, चाहे वह मां हो या बेटी और सास हो या बहू हो। योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे और उम्मीदवारों को एचडब्लूडीसी के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके बाद आवेदकों के दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के लिए एक जिला चयन समिति गठित की जाएगी। पूर्ण दस्तावेजों की जांच के बाद पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।



# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।



हॉलीवुड मसाला



# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।'कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

टीवी मसाला



# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल

**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।



# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आईं। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।



## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

***नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड'अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रेंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

## खबर संक्षेप

### चेयरमैन ने की कर्मियों की उपस्थिति की जांच

**सिरसा।** नगर परिषद के चेयरमैन वीर शांति स्वरुप ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। जांच के दौरान समय पर उपस्थित न होने वाले कर्मचारियों की सूची तैयार की गई। वीर शांति स्वरुप ने बताया कि समय पर उपस्थित न होना कर्मचारियों के कर्तव्यों के प्रति लापरवाही का संकेत है और यह नगर परिषद के प्रशासनिक कार्यों की सुचारू प्रक्रिया को प्रभावित करता है।

### सिविल अस्पताल में बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा

**सिरसा।** पोलियो दिवस पर सिविल अस्पताल की टीम ने बीती 12 से 14 अक्तूबर तक दो बूंद हर बार, पोलिया पर जीत रहे बरकरार कार्यक्रम के तहत एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की बूंदें पिलाई। सिविल अस्पताल के एमपीएचडब्लू केवल कंबोज ने बताया कि भारत पोलियो मुक्त है। लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फिर लौट सकता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों की सुरक्षा के पोलियो की बूंदे लगातार पिलाई जाए।

### प्रो. अशोक कुमार को सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. अशोक कुमार मालिक को हिंदी विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि प्रो. अशोक कुमार पिछले अठारह वर्षों से अधिक समय से स्नातकोत्तर तथा पीएचडी स्तर पर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से एमपीएड एवं एमफिल तथा महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय से पीएच.डी. (शारीरिक शिक्षा) की उपाधि प्राप्त की है।

### बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र काजलहेड़ी में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर कुमारी सरोज ने की। उन्होंने कहा कि हमें दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को यथासंभव कम करना चाहिए तथा बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाकर पर्यावरण की रक्षा में योगदान देना चाहिए। इस दौरान प्रतिभागी महिलाओं द्वारा विभिन्न आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया।

### रोजगार मेले का आयोजन 16 अक्टूबर को

**सिरसा।** जिला रोजगार कार्यालय सिरसा में 16 अक्तूबर को एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक सिरसा द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आवेदकों का मौके पर ही सहायक प्रबंधक पद के लिए चयन किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में स्नातक निर्धारित की गई है तथा आवेदक की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।


## नशा मुक्ति एवं जन-जागरुकता अभियान

# गांव कमाना में 10 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर दवा उपलब्ध कराई

- युवाओं और नागरिकों से संवाद स्थापित कर नशे के हानिकारक परिणामों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। गांव कमाना में ग्रामीणों को जागरूक करते एसआई सुंदर।


सिरसा। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत एसआई सुंदर के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने गांव कमाना में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने गांव के विभिन्न गली-मोहल्लों व चौराहों पर मिले युवाओं और नागरिकों से संवाद स्थापित कर नशे के हानिकारक परिणामों की जानकारी दी और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। टीम ने मौके पर ही कुल 10 ड्रग पीड़ितों की पहचान की, जिन्हें विशेष काउंसलिंग दी गई ताकि वे दोबारा नशे की ओर न लौटें। काउंसलिंग के बाद पीड़ितों को आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाएं भी उपलब्ध कराई गई ताकि वे शारीरिक रूप से भी नशे से उबर सकें। एसआई सुंदर ने बताया कि नशे से पीड़ित युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लाना पुलिस की प्राथमिकता है। इस दिशा में जिला पुलिस लगातार स्कूलों, गांवों और मोहल्लों में जाकर युवाओं से संवाद कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की जिंदगी को बर्बाद कर देता है, इसलिए इससे बचना ही नहीं बल्कि दूसरों को भी बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी बताया कि नशा मुक्ति टीम आने वाले दिनों में अन्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी इसी तरह के जागरूकता और पुनर्वास अभियान चलाएगी ताकि किसी भी व्यक्ति को नशे की गिरफ्त में आने से पहले ही रोका जा सके।

## समाज, परिवार के लिए नशा खतरनाक: प्रदीप

**सिरसा।** मानव अधिकार परिषद हरियाणा ट्रस्ट व सिरसा स्पोट्र्स एंड फिटनेस फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल, शाहपुर बेगू में नशे के खिलाफ बेटा बचाओ अभियान चलाया, जिसमें मुख्यातिथि थाना प्रभारी डिंग प्रदीप कुमार व समाजसेवी प्रो. दयानंद शर्मा थे। फाउंडेशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को को मोबाइल और फास्ट फूड से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया। डिंग थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें।

### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

उन्होंने कहा कि नशा परिवार और समाज के लिए खतरनाक है, इसलिए नशे के जड़मूल से खात्मे के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। प्रो. दयानंद शर्मा ने विद्यार्थियों को खेल कूद व पढ़ाई में अपना समय व्यतीत करने तथा नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। एंटी ड्रग्स मेन तरुण भाटी ने नशे के खिलाफ शपथ दिलवाई और नशा पीड़ित बेटों को नशे से मुक्त करवा कर समाज कीमुख्य धारा में लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी से अपील कि की जो युवा नशा कर रहे हैं, उनका नशा छुड़वाने में सहयोग करें। इस अवसर पर सभी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखबीर सिंह, मनोज कुमार, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार, राहुल, अमनदीप बजाज, अनिल कुंडू, रितु, अजय कुमार, संजय सिंह, सुखबीर सिंह आदि मौजूद थे। प्राइमरी स्कूल के हेड सुशील टॉक में सभी का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. सरोजिनी नायडू अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के नामांकन आमंत्रित

**सिरसा।** विभिन्न कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कामकाजी महिलाओं के सम्मान में डॉ. सरोजिनी नायडू अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इंटरनेशनल चेंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और इंटरनेशनल विमेंस फिल्म फोरम द्वारा स्थापित इस पुरस्कार से उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट कार्य के माध्यम से समाज में विशेष पहचान बनाई है। यह पुरस्कार प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री डॉ. सरोजिनी नायडू के नाम पर दिया जाता है।

### मेहनती महिलाओं पुरस्कार की होंगी पात्र

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाली मेहनती और समर्पित कामकाजी महिलाएं इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार स्वयं या उनके परिवार, सहयोगी अथवा संस्था द्वारा आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन संक्षिप्त प्रोफाइल, हाई रिजॉल्यूशन वाली एक तस्वीर के साथ 25 अक्टूबर से पहले ईमेल के माध्यम से भेजें।

## भोड़ियाखेड़ा में 27 व 28 को होगा आयोजन

# जिला युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

- विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया जाएगा आयोजन

**फतेहाबाद।** जिला युवा महोत्सव 27 व 28 अक्टूबर को आईटीआई भोडिय़ाखेड़ा में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिनमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। सीटीएम गौरव गुप्ता ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी करवाना सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न करवाएं। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि इस प्रतिभागी बनने के लिए 15 से 29 वर्ष तक आयु वर्ग के युवक-युवतियां जिला की किसी भी राजकीय आईटीआई में 24 अक्टूबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

# संघ ने की विद्यालयों पर जीएसटी हटाने की मांग



**सिरसा।** सर्व विद्यालय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला से मुलाकात की और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यालयों पर लगाए गए जीएसटी को समाप्त करने की मांग रखी। सांसद सुभाष बराला ने संघ के प्रतिनिधियों को बोर्ड के चेयरमैन से बात कर आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। संघ के जिला महासचिव रोशन लाल अरोड़ा ने इस संवेदनशील मुद्दे का तुरंत संज्ञान लेने के लिए आभार जताया। संघ के कोषाध्यक्ष छगन सेठी ने कहा कि निजी विद्यालय समाज में शिक्षा के प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे हैं, ऐसे में उन पर लगाए गए जीएसटी का बोझ अनुचित है।

### मांगों को लेकर जिलेभर के मजदूर 4 को फतेहाबाद में करेंगे प्रदर्शन

- भवन निर्माण श्रमिक संघ की बैठक, दत्तोपंत ठेंगड़ी को दी श्रद्धांजली

**फतेहाबाद।** भवन निर्माण श्रमिक संघ द्वारा आज भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि समरस्ता दिवस के रूप में मनाई गई। संघ के पदाधिकारियों ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इसके बाद मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर भवन निर्माण श्रमिक संघ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान व प्रदेश सचिव महेन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर जिला मंत्री बलजीत जांगड़ा, सहसचिव जोगिन्द्र भोजराज, संयोजक कृष्ण कुमार खासा पठाना, भूना अध्यक्ष रामकिशन खन्ना, कोषाध्यक्ष कविता बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 नवम्बर को जिलेभर के मजदूर अपनी मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करेंगे और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में श्रमिक संघ द्वारा सरकार से मांग की गई कि श्रमिक पोर्टल को तुरंत चालू किया जाए ताकि श्रमिक अपने पंजीकरण को समय पर रिन्यू करवा सकें। श्रमिक को दिए गए समय अवधि के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से सम्बंधित, दुर्घटना से सम्बंधित लाभ दिए जाए।

## जांभाणी हरि कथा ज्ञानयज्ञ आयोजित

# बिश्नोई धर्म के सिद्धांत मानवता और पर्यावरण के संतुलन का प्रतीक : भव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

541वां बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहर के बिश्नोई मंदिर में आयोजित जांभाणी हरि कथा ज्ञानयज्ञ में मंगलवार को युवा भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं आदमपुर के पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि बिश्नोई धर्म केवल एक आस्था नहीं बल्कि जीवन जीने की ऐसी पद्धति है जो मानव और प्रकृति के सह-अस्तित्व का संदेश देती है। भव्य बिश्नोई ने कहा कि गुरु जंभेश्वर जी महाराज ने सैकड़ों वर्ष पहले जो 29 नियम दिए, वे आज भी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता के सबसे सशक्त उदाहरण हैं।

### पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने कार्यक्रम को संबोधित किया



उन्होंने कहा कि यदि हम इन सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करें तो समाज में करुणा, सद्भाव और संतुलन स्वतः स्थापित होगा। पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि बिश्नोई धर्म की शिक्षाएं आज के दौर में पहले से अधिक प्रासंगिक है, क्योंकि पर्यावरण संरक्षण और मानवीय संवेदनाओं का संतुलन ही सच्चे धर्म का आधार है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि बिश्नोई धर्म का प्रत्येक अनुयायी पर्यावरण रक्षक के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को गुरु जंभेश्वर जी के उपदेशों से प्रेरणा लेकर जीवन में करुणा, संयम और सेवा की भावना अपनानी चाहिए। इस दौरान लालासर साथरी के महंत स्वामी सच्चिदानंद जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# पराली न जलाने बारे किसानों को करें जागरूक: एसडीएम

- प्रत्येक रेड/येलो जोन के गांवों मे नोड अधिकारी किए नियुक्त

**सिरसा।** एसडीएम राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में तहसील सिरसा व नाथूसरी चौपटा के सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी किसानों को अधिक से अधिक जागरूक करें कि वे पराली में आग न लगाएं। किसानों को फसल अवशेष में आग लगाने से होने वाले नुकसान जैसे भूमि की उर्वरा शक्ति व मित्र कीट नष्ट होना, पर्यावरण को नुकसान, बुजुर्गों व छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर तथा दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक करें। बैठक में उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह सहित संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी ग्राम स्तर पर उपस्थित रहकर किसानों को जागरूक करते हुए आगजनी की घटनाओं पर रोकथाम करेंगे। प्रत्येक रेड/येलो जोन के गांवों में 50 किसानों पर एक नोडल अधिकारी तथा प्रत्येक ग्रीन जोन गांव में 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकार आवंटित गांव व किसानों का ऐप द्वारा भौतिक सत्यापन करेंगे व आगजनी की घटना पाए जाने पर ऐप के माध्यम से सूचित करेंगे ताकि आगामी आवश्यक कार्यवाही (चालान, एफआईआर व रेड एंट्री) ग्राम स्तरीय टीम द्वारा की जा सके।

# दिव्यांग व्यक्ति पर हमला कर लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



- आरोपी की पहचान रवि कुमार निवासी साहुवाला, जिला हनुमानगढ़ के रूप में हुई
- डंडे, चाकू और मुड़े हुए सरिए के साथ किया हमला, गंभीर चोटें पहुंचाई

दिव्यांग व्यक्ति पर हमला कर लूट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले से एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार पुत्र भूप सिंह, निवासी साहुवाला, जिला हनुमानगढ़ के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि यह मामला मारपीट और लूट की वारदात से संबंधित है, जिसमें एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता राम सिंह उर्फ लाला, पुत्र मनफुल सिंह निवासी टिब्बा कॉलोनी, रतिया, ने अपने बयान में बताया कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है और घर पर सिलाई का कार्य करता है। 29 सितंबर को दोपहर लगभग 1:30 बजे, आरोपी रवि पुत्र बलवान, निवासी टिब्बा कॉलोनी, रतिया और उसका एक साथी लकड़ी के डंडे, चाकू और मुड़े हुए सरिए के साथ राम सिंह के घर में जबरन घुसे। दोनों ने शिकायतकर्ता पर बेरहमी से हमला किया, उसके पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें पहुंचाई।

### पूछताछ जारी

हमले के दौरान बीच-बचाव करने आए उसके पिता मनफुल सिंह को भी धक्का देकर गिरा दिया गया और आरोपियों ने घर का दरवाजा भीतर से बंद कर लिया। गंभीर रूप से घायल राम सिंह और उसके पिता को रतिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से राम सिंह की स्थिति को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इस मामले में थाना शहर रतिया में 30 सितम्बर को केस दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर फरार चल रहे आरोपी रवि कुमार को राजस्थान के साहुवाला, हनुमानगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, आरोपी से पूछताछ जारी है।

### महिला से ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- कड़े गए युवक की पहचान गुरप्रीत के रूप में हुई

**फतेहाबाद।** एक महिला से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरप्रीत पुत्र बलजिंद्र उर्फ बिरू निवासी ठाकर बस्ती, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस बारे सुनीता पत्नी स्वर्गीय तिलक राज निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह मुंजाल अस्पताल, फतेहाबाद में स्वीपर के पद पर कार्यरत है। 11 अगस्त को उसकी नाइट ड्यूटी के दौरान अस्पताल में 2-3 युवकों ने अलग-अलग समय पर फोन करने के बहाने उसका मोबाइल फोन लिया। बाद में 13 अगस्त को उसके पुत्र बलजिंद्र ने फोन में बैलेंस चेक किया तो पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने गुगल पे के माध्यम से 10 हजार रुपये फ्रॉड से निकाल लिए हैं। शक होने पर उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। जांच उपरांत पुलिस ने 29 अगस्त को धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता 2023, के अंतर्गत मामला दर्ज किया और जांच के दौरान पुलिस ने गुरप्रीत को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# सभी वन्य जीवों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी : नवजोत

- दिवाली के समय कुछ लोग तांत्रिक क्रियाओं में उल्लुओं का करते दुरुपयोग


टोहाना। रेस्क्यू किए गए ब्राउन उल्लू को दिखाते नवजोत सिंह ढिल्लों।

**टोहाना।** दिवाली के समय कुछ लोग तांत्रिक क्रियाओं में उल्लुओं का दुरुपयोग करते हैं, जिससे इन निर्दोष जीवों की जान को खतरा बना रहता है। इसको लेकर पशु क्रूरता निवारण समिति फतेहाबाद के सदस्य नवजोत सिंह ढिल्लों ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई व्यक्ति ब्राउन उल्लू या अन्य किसी वन्य जीव को पकडक़र ले जा रहा हो, या ऑनलाइन या घर में कैद करके रखा गया हो, तो तुरंत सूचना दें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य कानूनी अपराध और नैतिक रूप से भी बहुत बड़ा पाप हैं। वन्य जीवों को कैद में रखना, बेचना या इनका दुरुपयोग करना अपराध है, जिसके लिए वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाती है। नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि उनकी सहारा रेस्क्यू टीम टोहाना पहले भी कई मौकों पर कैद किए गए जीव-जंतुओं को छुड़वाकर आजाद करा चुकी है।

## अभियान | योजना का उद्देश्य पर्यावरण और पौष्टिकता के प्रति जागरुकता बढ़ाना : भादू

किसानों को पौधरोपण की विधि के बारे मे जानकारी दी

# हर घर छांव-हर घर फल स्कीम: बागवानी विभाग ने वितरित किए 500 किन्नु के पौधे

- सरपंच भीम सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित
- अन्य विभागीय स्कीमों के बारे में भी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां


सिरसा। किसानों को किन्नू के पौधे वितरित करते। फोटो : हरिभूमि

खंड ओढ़ा के गांव लकड़ावाली में बागवानी विभाग द्वारा हर घर छांव हर घर फल स्कीम के अंतर्गत 500 किन्नू के पौधो का वितरण किया गया।

यह वितरण गांव के सरपंच भीम सिंह की उपस्थिति में किया गया। बागवानी विभाग की ओर से खंड बागवानी अधिकारी संजय कुमार भादू ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हर घर छांव-हर घर फल योजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण और पौष्टिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह योजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बीती 21 सितंबर को शुरू की गई थी।

उन्होंने सभी किसानों को पौधारोपण की विधि के बारे मे जानकारी दी और उपस्थित किसानों को अन्य विभागीय स्कीमों के बारे मे विस्तार से बताया गया ताकि ओढ़ा खंड में बागवानी का विस्तार हो सके। इस अवसर पर विभाग की तरफ से अमी लाल सहित अनेक किसान मौजूद थे।

**बेदखली सूचना**

मैं, जोगिन्द्र सिंह पुत्र सोनी राम निवासी वार्ड नं. 3 भूना, सब तहसील भूना, जिला फतेहाबाद ब्यान करता हूं कि मेरी लड़की सीता उर्फ पूजा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### बाल महोत्सव में विद्यार्थियों का मनवाया लोहा

**सिरसा।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव के दूसरे दिन दूसरे चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 350 बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में रंगोली, फन गेम्स, क्लासिकल सोलो डांस और सोलो सॉन्ग शामिल थे।

### माचरा बनीं जजपा महिला जिला अध्यक्ष

**फतेहाबाद।** 20 दिन पहले इनेलो छोड़ने वाली पूर्व जिला पार्षद संतोष माचरा को जजपा द्वारा महिला जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संतोष माचरा रिटायर्ड जिला लोक सम्पर्क अधिकारी दलीप माचरा की धर्मपत्नी है। बता दें कि 25 साल तक इनेलो में रहने के बावजूद संतोष माचरा को कोई पद नहीं दिया गया, जबकि जेजेपी ज्वाइन करने के 20 दिन बाद ही महिला जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी गई। संतोष माचरा छात्र जीवन से ही राजनीतिक रूप से एक्टिव रही हैं। उन्होंने 11वीं क्लास में पढ़ते समय छात्र संघ का चुनाव लड़ा, मगर जीत नहीं पाई। इसके बाद साल 1995-96 में हिसार जिला परिषद के वार्ड नंबर एक से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गई। फिर साल 2000 में दूसरी बार जिला परिषद का चुनाव लड़ा, तो 7054 वोटों से जीत हासिल की।

### आरटीआई कार्यकर्ता पर हमला का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** सरपंच द्वारा मनरेगा कार्यों में अनियमितताओं को लेकर दायर की गई आरटीआई से खफा होकर आईटीआई कार्यकर्ता पर हमला करने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलबीर सिंह उर्फ भोला पुत्र चरण सिंह निवासी अयालकी के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला आरटीआई विवाद के चलते हुई मारपीट व हमला प्रकरण से संबंधित है।

### गतका में गुरअगम ने जीता सिल्वर

**टोहाना।** भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल के छात्र गुरअगम ने गतका की नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली में आयोजित गतका की नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्र गुरअगम ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। प्राचार्या मारियालीन लुईस व उप प्राचार्या कुलदीप कौर ने छात्र को सराहा।

### दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संपन्न

**सिरसा।** शाह सतनाम जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। पहले दिन फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, प्रश्नोत्तरी, कार्टूनिंग और पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जबकि दूसरे दिन हरियाणवी नृत्य, पंजाबी गिद्दा, हिंदी व अंग्रेजी भाषण, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग, गायन व वाद्य यंत्र वादन की प्रस्तुतियां दी गईं। निर्णायक मंडल में डॉ. मोना सिवाच और गुरजोत कौर शामिल रहीं। परिणामों की घोषणा सहायक प्रोफेसर सुरेश कुमार ने की।

### कॉलेज पढ़ने गई छात्रा लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** शहर की हंस कालोनी से एक छात्रा के लापता होने का समाचार है। कॉलेज पढ़ने के लिए गई छात्रा वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में हंस कालोनी, नजदीक हनुमान मंदिर फतेहाबाद निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय लड़की महिला कॉलेज में पढ़ती है। गत दिवस सुबह करीब 9 बजे वह घर से कॉलेज जाने की बात कहकर गई थी और दोपहर तक वापस नहीं आई। इस पर जब उन्होंने कॉलेज में जाकर पता किया तो उन्हें पता चला कि वह कॉलेज नहीं आई।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना

# तीन गांवों के 79 लाभार्थियों को आवंटित किए प्लॉट

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन ड्रा**

*मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2 के तहत स्थानीय पंचायत भवन में निकाला गया ऑनलाइन ड्रा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत जिले के तीन ग्राम पंचायतों मानावाली, झलनिया व खासा पठाना के 79 लाभार्थियों को मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लेटफॉर्म के माध्यम से डीपीआरसी हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन ड्रा द्वारा प्लॉट आवंटित किए गए।

फतेहाबाद खंड के गांव झलनिया के कुल 38 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए गए, जिनमें अनुसूचित जाति के 33, अन्य पिछड़ा वर्ग के 3 तथा सामान्य वर्ग के 2 लाभार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार मानवाली गांव के कुल 29 लाभार्थियों में से अनुसूचित जाति के 17, अन्य पिछड़ा वर्ग के 10 तथा सामान्य वर्ग के 2 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं। भूना खंड के गांव खासा पठाना के कुल 12 लाभार्थियों को भी ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से प्लॉट दिए गए। इनमें अनुसूचित जाति के 10 अन्य पिछड़ा वर्ग के एक तथा सामान्य वर्ग के एक लाभार्थी शामिल हैं। सभी आवंटन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पारदर्शी डिजिटल सिस्टम के माध्यम से किए गए, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही। सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के माध्यम से गरीब वर्ग के लोगों का खुद का घर पाने का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि राज्य में कोई भी गरीब व्यक्ति बिना घर के न रहे। यह योजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी सोच और गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को प्लॉट आवंटन के बाद कब्जा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके उपरांत प्रत्येक लाभार्थी को मकान निर्माण के लिए 138000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने सपनों का घर बना सकें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक लाभार्थी को शौचालय निर्माण के लिए 12000 रुपये अलग से दिए जाएंगे। इस अवसर पर डीडीपीओ अनूप सिंह, बीडीपीओ अनिल कुमार व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** कार्यक्रम में संबोधित करते जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार।

### सिरसा में भी प्लॉट वितरित

**सिरसा।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2 के द्वितीय चरण के तहत मंगलवार को स्थानीय पंचायत भवन में 100-100 वर्ग गज प्लाटों के ऑनलाइन ड्रा निकाले गए। इस दौरान 2535 आवेदकों को ड्रा में शामिल किया गया। जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2 के द्वितीय चरण के तहत 37 गांवों के जरूरतमंद पात्र परिवारों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट के ऑनलाइन माध्यम से अलाट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बड़ागुढा खंड के भादड़ा, भीवां, चकेरियां, ढाबां, झोरडरोही, कर्मगढ, मलड़ी, रोहण, सहारणी, सुखचैन तथा थिराज गांव के पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्लाट अलाट किए गए हैं। इसी तरह डबवाली खंड के गांव बनवाला, कालूआना, लंबी, ऐलनाबाद खंड के किशनपुरा/ढाणी जटान, मेहनाखेड़ा में भी प्लाट आवंटित किए गए हैं। नाथूसरी चौपटा खंड के गांव अरनियांवाली, बकरियांवाली, बरासरी, चाहरवाला, कागदाना, गिगोरानी, गुढियाखेड़ा, कुक्कड़थाना, कुतियाना, माखोसरानी, मोडियाखेड़ा, रामपुरा ढिल्लो, रूपाणा, दड़बा खुर्द, शक्करमंदोरी व तेजियाखेड़ा में प्लाट आवंटित किए गए हैं। ओढां खंड के गांव घुकांवाली, रानियां खंड के गांव गिंदड़ा, जोधपुरिया, सिरसा खंड के गांव कुसुंभी, नेजाडेला कलां व बग्गुवाली के आवेदकों के लिए 100-100 गज के प्लाट आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 37 गांवों में 2535 लाभपात्रों की पहचान की गई है और जिन गांवों में पंचायत की जमीन उपलब्ध थी, वहां लाभपात्रों को प्लाट आवंटित कर दिए गए हैं। दूसरे फेज में 4388 प्लाट अंत्योदय परिवारों को देने के लिए रखे गए थे। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह व सभी बीडीपीओ, संबंधित विभाग के अधिकारी व आवेदक उपस्थित रहे।



**सिरसा।** पंचायत भवन में पहुंचे आवेदक।

# आईटीआई के 40 छात्रों को मिली नौकरी



**टोहाना।** आईटीआई में युवाओं को संबोधित करते कम्पनी के प्रतिनिधि।

- आईटीआई में लगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टोहाना में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में टोहाना एवं आसपास के औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें टोहाना की विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स, शिवा प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड, अकावाली, एसीयन ऑटोमोटिव लिमिटेड तथा यूएनओ मिडा बहादुरगढ़ जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने प्रतिनिधियों सहित भाग लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मेले में आए हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया और उनकी योग्यता एवं कौशल के आधार पर चयन किया। विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स टोहाना द्वारा 10 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, वहीं एसीयन ऑटोमोटिव लिमिटेड द्वारा 20 अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप हेतु चयनित किया गया। कुल 60 अभ्यर्थियों ने मेले में भाग लिया, जिनमें से 40 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के लिए चुना गया। चयनित अभ्यर्थियों को संस्थान के अनुदेशक वेद कुमार तथा गणित अनुदेशक सतीश कुमार ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। राजकीय आईटीआई टोहाना द्वारा आयोजित यह मेला क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें उद्योग जगत से सीधे जुड़ने और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला।

### जिला महोत्सव 27 से, 24 तक होगा पंजीकरण

**सिरसा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में 27 व 28 अक्टूबर को 29वें जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के लिए 24 अक्टूबर तक पंजीकरण किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में कई प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र (एकल और समूह) तथा विज्ञान मेला शामिल हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में भील सिंह प्रथम

- शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय, अहरवां में प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय, अहरवां में बीएड के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की चेयरपर्सन शरणजीत कौर, सचिव हरमीत सिंह एवं प्राचार्य डॉ. ममता चौधरी ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच भाषण, नृत्य, गायन, फोटोग्राफी एवं पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निर्णायक मंडल में शिक्षण महाविद्यालय की प्रवक्ता रविकांत, रेणु देवी एवं पूजा रानी शामिल रहीं। चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभा खोज कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की कला को उचित पहचान दिलाना है।



**फतेहाबाद।** शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय, अहरवां में कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रबंधक।

#### ये रहे विजेता

भाषण प्रतियोगिता में भील सिंह प्रथम, रमेश कुमार द्वितीय, शारदा रानी तृतीय रही। गायन प्रतियोगिता लीतासा प्रथम, मुस्कान द्वितीय व सनी कुमार तृतीय रहे। नृत्य प्रतियोगिता अर्शदीप कौर प्रथम, रुकसाना द्वितीय व कविता तृतीय रही। फोटोग्राफी प्रतियोगिता गुरदीप सिंह प्रथम, तन्वी द्वितीय व नवदीप कौर तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता ममता प्रथम, सरला द्वितीय व सिमरन तृतीय रही।

# जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता में डीएवी के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

- ग्रुप डांस और सोलो डांस में प्रस्तुति देकर मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन फतेहाबाद में राज्य स्तरीय बाल दिवस-2025 प्रतियोगिताओं के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में डीएवी स्कूल नागपुर के विद्यार्थियों ने पहले दिन जमकर धूम मचाई। डीएवी नागपुर के विद्यार्थियों ने गुरप डांस और सोलो डांस में ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। गुरप डांस में डीएवी नागपुर की टीम ने जहां तीसरा स्थान हासिल किया वहीं सोलो डांस में स्कूल की छात्रा इशिता ने सांत्वना पुरस्कार जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता व प्रिंसीपल रंजू मेहता ने इन विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना। कोर्डिनेटर सलोनी ग्रोवर ने बताया कि जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता में प्रदर्शन शानदार रहा।



**रतिया।** जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता में भाग लेती डीएवी नागपुर की छात्राएं।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में 22 स्कूलों के 2335 विद्यार्थियों ने परखा अपना ज्ञान

- इतिहास, संस्कृति, भूगोल, और विकास से संबंधित प्रश्न पूछे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारत विकास परिषद् द्वारा मंगलवार को विद्यालय स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 स्कूल के 2335 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देश से जुड़े अपने ज्ञान का आत्म-परीक्षण किया। परिषद् के शाखा सचिव सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, और राष्ट्रीय विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों पर केंद्रित थी। विद्यालय स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की भागीदारी अत्यंत प्रभावशाली रही तथा विद्यार्थियों ने रुचिपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना ज्ञानवद्र्धन करने का काम किया। शर्मा ने बताया कि विद्यालय स्तरीय इस प्रतियोगिता में फतेहाबाद के 22 विद्यालयों के 2335 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें जूनियर वर्ग के 1449 और सीनियर वर्ग के 886 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**फतेहाबाद।** भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### युवक पर हमला करने के आरोप में दो काबू

फतेहाबाद। टोहाना में एक घर में घुसकर हमला करने और तोडफ़ोड़ करने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ बच्ची पुत्र काला राम निवासी पंजाबी कॉलोनी, टोहाना व लखविंदर सिंह उर्फ लखू पुत्र शमशेर सिंह निवासी टिब्बा बस्ती, टोहाना के रूप में हुई है। इससे पहले भी इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई टिब्बा बस्ती, टोहाना में हुए हमले और मारपीट के मामले से संबंधित है। 28 सितंबर को ईश्वर सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी टिब्बा बस्ती, टोहाना ने शिकायत दी थी कि कुछ युवकों ने लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं व सामान में तोड़फोड़ की।

# स्वस्थ, स्वच्छ समाज के निर्माण में सभी का सहयोग जरूरी : मोंगा

- लायंस क्लब रानियां रॉयल ने बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

लायंस क्लब रानियां रॉयल की ओर से मंगलवार को बीएस स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाया गया और इसके लिए उन्हें प्रेरित किया। इस मौके पर विशाल वढेरा ने कहा कि स्वच्छ बच्चे उज्जवल भारत अभियान स्वच्छ भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। रवि मोंगा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें स्वच्छता के महत्व को समझाने से हम उन्हें एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए तैयार कर सकते हैं। पुनीत बंसल ने कहा कि बच्चे स्वच्छता के महत्व को समझें और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदतें अपनाएं। स्कूल संचालक सोनू ग्रोवर ने बच्चों को नियमित व्यायाम करने, खेलों में भाग लेने, स्क्रीन समय को कम करने का आह्वान किया।



**रानियां।** प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## एसपी ने कहा : लुभावने ऑफर्स के चक्कर में न फंसे

# दिवाली सेल के नाम पर साइबर ठगों से रहें सावधान

**फतेहाबाद पुलिस ने जारी की हाई अलर्ट एडवाइजरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

दिवाली जैसे उल्लासपूर्ण पर्व पर जब बाजारों से लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स तक खरीदारी का उत्साह चरम पर होता है, वहीं साइबर अपराधी भी उतनी ही तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। ठग विभिन्न डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर लोगों को लुभावने ऑफर्स और भारी छूट के झांसे में फंसाकर उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर देते हैं। इन्हीं खतरों को ध्यान में रखते हुए फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने महत्वपूर्ण साइबर सतर्कता एडवाइजरी जारी की है और जिले के नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। एसपी ने बताया कि हर वर्ष दिवाली के आसपास साइबर ठगी की घटनाएं तेजी से बढ़ती हैं। ये ठग भारी डिस्काउंट, लकी ड्रॉ, फ्री गिफ्ट और कैशबैक जैसी स्कीमों के जरिए लोगों को लालच देकर उनके बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। उन्होंने नागरिकों को चेताया कि किसी भी ऑफर पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता को भली-भांति जांचें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आजकल साइबर ठग सोशल मीडिया, ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से फर्जी वेबसाइट्स बनाकर लोगों को भ्रमित करते हैं। ये वेबसाइट्स किसी जानी-मानी ई-कॉमर्स कंपनी की हूबहू नकल होती हैं, ताकि लोग उन्हें असली समझकर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे कि कार्ड नंबर, बैंक डिटेल्स, यूपीआई पिन और ओटीपी साझा कर बैठें।

- सोशल मीडिया, ईमेल, एसएमएस से कर रहे ठगी



एसपी सिद्धांत जैन।

#### छूट का ऑफर देकर ठग रहे

एडवाइजरी में बताया गया है कि किसी भी वेबसाइट या मोबाइल ऐप का उपयोग करने से पहले उसके रिव्यू, रेटिंग और विश्वसनीयता की जांच अवश्य करें। अधिकतर फर्जी वेबसाइट्स 80 से 90 प्रतिशत तक की छूट जैसे अत्यधिक आकर्षक ऑफर दिखाकर लोगों को फांसने की कोशिश करती हैं। अब नहीं तो कभी नहीं जैसे लालच भरे जुमलों से सावधान रहें, क्योंकि मुफ्त के गिफ्ट में सबसे बड़ा नुकसान छिपा होता है। जैन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है, तो समय बर्बाद न करें और तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जितनी जल्दी शिकायत दर्ज की जाएगी, ठगे गए पैसे वापस मिलने की संभावना उतनी ही अधिक रहेगी। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाएं। स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को इस प्रकार की ठगी से बचाव के तरीके समझाए जाएं ताकि अधिक से अधिक लोग सतर्क रह सकें।

# सोलो डांस प्रतियोगिता में शांति निकेतन की जानवी विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

जिला बाल कल्याण परिषद्, फतेहाबाद द्वारा आयोजित सोलो डांस प्रतियोगिता में शांति निकेतन स्कूल, ढिंगसरा की छात्रा जानवी ने फतेहाबाद जिला के 26 स्कूलों को पछाड़ते हुए सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष बाल दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग, समूह और एक नृत्य, फैंसी ड्रेस, हैंड राईटिंग व कार्ड मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती है,। इस वर्ष भी इन प्रतियोगिताओं के प्रथम गुरप प्रतियोगिताओं में सोलो डांस में जानवी सुपुत्री मनमोहन सिंह ने प्रथम व गुरप डांस टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

